officials are ready to transport these foodgrains to the neighbouring Tamil Nadu, Karanataka and Kerala, but the railways are not giving them the rakes. Sir, in February Railways assured of providing 160 rakes but has given only 90. As a result, the foodgrains are not able to transport to other States. So, I request the hon. Minister to direct the officials to release the required number of rakes to Andhra Pradesh so that it can transport foodgrains, make room for new foodgrains which helps the farmers to get remunerative price. If the Railways does not help the farmers of Andhra Pradesh who are already suffering due to cyclone and floods in the State and also due to piling up of 20 lakh metric tones of foodgrains which have either de-coloured or broken or sprouted, there is every possibility that they may commit even suicides. So, I request the hon. Minister to help them out.

The second point is, the officials have set a target of procuring 50 lakh tones before March, 15 and 85 lakh tones by September 30 this year. For this, the States requires 750 rakes. So, I request the hon. Minister to direct the officials to provide, on an average, 150-160 rakes to Andhra Pradesh so that foodgrains can be transported and farmers can be saved from serious problems.

Sir, my submissions would be incomplete without mentioning the injustice done to A.P. with regard to new lines, doubling, electrification, new trains, etc. The Chief Minister of A.P. has had a detailed discussion with the hon. Minister on 21st January, 2011, and submitted a detailed Memorandum for consideration. But, to the utter disappointment of not only Chief Minister but also to the people of A.P., the Minister has not considered the Memorandum at all. Of the 9 new lines proposed by the Chief Minister, only Gudur-Durgarajapatnam has been sanctioned. In the last Budget the hon. Minister announced 11 new lines to connect the most backward areas and they are: Bhadrachallam-Kovvur, Nizamabad-Ramagundam, Hyderabad-Gajwel-Siddipet-Siricilla-Jagityal, Patancheruvu-Adilabad etc. But, till today even the approval from the Planning Commission has not got. The hon. Minister said that she would take up Nadikudi- Srikalahasti, Manuguru-Ramagundam, Akkampet-Medak-Medchal, etc. But, till now the projects have not brought to tender stage even. Instead, the Minister said that such projects would be taken up in the Twelfth Plan. How can the Railways implement projects in this way? First you announce project, drag on for some years without allocation and then say that it would be taken up in the next Plan period. Mere announcements will not do any justice unless they are backed by allocations. So, I request the hon. Minister to take a holistic view and do justice by implementing the projects within a reasonable time-frame.

Secondly, there are projects which have been cleared by the Railway Board and the Planning Commission but are pending for clearance from the Cabinet. They are: Nadikudi-Srikalahasti new line, doubling and electrification of Vijayawada-Gudivada and

Machillipatnam/Bhimavaram-Narsapur-Nidadavolu to name a few. So, I request the hon. Minister to take these to the Cabinet and get approval. Sir, Secunderabad-Karimnagar via Siddipet has a lot of traffic and potential for earning revenue. The rate of return as per the rough calculation in the above stretch would be about 21 per cent, which is more than the 14 per cent norm prescribed by railways. So, I request to take this up immediately. Projects like Adilabad-Armoor new line which is a 136 kms. stretch is pending before the Railway Board for long. Kindly quicken the process and complete the same. Doubling of Bibinagar and Nallapadu is also important in view of heavy traffic and there is a lot of demand for this from the people of this region. There is also a need for a new line to Bhupalapalli coal mines. This has also not found place in the Budget proposals. Sir, Telangana is the backward region of Andhra Pradesh. Coal mines, Singareni Collieries and APGENCO are located at Bhupalapalli. There is a proposal for a line between Manugur and Ramagundam. I only urge that it should be routed via Bhupalapalli in view of the coal mines, Singareni Collieries and APGENCO. Apart from these, I request the hon. Minister to consider triple line between Kazipet-Ballarshah, Kazipet-Vijayawada and Maula Ali-Bhongiri as these are very important. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please help the Chair. I don't want to interrupt, but the debate has to end at 4.30 p.m. *...(Interruptions)...*

SHRIMATI GUNDU SUDHARANI: Just two more minutes, Sir. Sir, I now come to the allocation of funds to some of the projects in Andhra Pradesh resulting in progress of those projects at a snail's pace. For example, Kakinada-Pitapuram requires Rs. 125 crores, but the Minister has given Rs. 1 lakh. Munirabad-Mahaboobnagar requires Rs. 360 crores, allocated Rs. 30 crores. Peddapalli-Karimnagar-Nizamabad project was started 18 years ago, it is yet to be completed. It required Rs. 150 crores, but given only Rs. 60 crores. So, same is the case with other projects relating to doubling, electrification and gauge conversion. Due to time constraint, I am not mentioning them all here. So, I humbly request the hon. Minister to seriously ponder over these and do justice to Andhra Pradesh and the backward region of Telangana.

Sir, I thank the hon. Minister for announcing a longpending demand of Telangana for Wagon factory at Kazipet. But, at the same time, there is a genuine demand to declare Kazipet as a separate Division as it is the main junction which connects North and South India. People of Telangana have been demanding for declaring this as a separate Division for many years. But, for reasons best known to the Minister, it has not been declared. I am thankful to the hon. Minister for upgrading Warangal as Adarsh Station. But, I wish to place a small request before the hon. Minister in this regard. The traffic flow at this station increased fourfold and the passengers are facing problems for entry and exit. So, I request that one more entry and exit for Warangal station

4.00 P.M.

be opened and a building also be provided at the new entry/exit. Apart from this, I also request for a Foot-over-Bridge at station to facilitate the movement of passengers. The Ministry provides some facilities to stations which have been declared as Adarsh Stations but healthcare facilities are not provided at these Stations. So, I request for providing medical care facilities at Adarsh Stations also. Sir, I have one small request to make. There is a need for Rail-over-Bridge connecting Karimabad at under railway gate to Warangal in Warangal district. There is also a need for rail-under-bridge at Shiva Nagar in Warangal. I request the hon. Minister to give green signal to these two small works immediately as they are very important.

So, Sir, these are some of the demands which I thought that I should bring to the notice of the hon. Minister for redressing the same. I request her to ponder over these and do justice to Andhra Pradesh. I thank you, Sir, once again, for having given me this opportunity to make my maiden speech. Thank you.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Members, debate on the Railway Budget should be over by 4.30 p.m. There are, still, 10 Members. I am afraid I will not be able to give more than three minutes to each Member. If you want to speak, you speak; otherwise, you take some other opportunity. Shri Avinash Rai Khanna.

**श्री अविनाश राय खन्ना** (पंजाब): धन्यवाद उपसभापति महोदय, अगर ममता भी यहां बैठी होतीं तो मैं उन्हें कुछ सजेशंस देता।

**श्री उपसभापति**: उनके दो मंत्री यहां बैठे हैं।

सर, वे चुनाव में जाने वाली हैं। माननीय मंत्री जी, बजट में हरेक को कुछ न कुछ दिया जाता है, लेकिन पंजाब एक ऐसा राज्य है जिससे दिया हुआ वापस लिया जाता है। मैं जब लोक सभा में एमपी था, चार वर्ष लगातार संघर्ष करने के बाद अनंतपुर साहब से, जो हमारी गुरु नगरी है, अमृतसर तक लिंक लाइन जोड़ने का एक प्रस्ताव लालू जी के द्वारा मंजूर किया गया था और वह फाइनेंस मिनिस्टरी में गया था। जब मैं राज्य सभा में आया तो मैंने यहां प्रश्न किया कि उस प्रोजेक्ट का क्या हुआ? मुझे यह सुनकर अफसोस हुआ कि अगर पंजाब सरकार पचास परसेंट हिस्सा डाल दे तो हम उस प्रोजेक्ट पर विचार कर सकते हैं! मैं माननीय ममता जी से एक पर्सनल रिक्वेस्ट करना चाहता हूं क्योंकि वे चुनाव में जाने वाली हैं, अगर वे इस गुरुघर का आशीर्वाद लेना चाहती हैं तो इस प्रोजेक्ट को मंज़ूर कर दो, नहीं तो बहुत गड़बड़ होगी और दो गुरुघरों का आपको श्राप भी मिल सकता है। इससे पंजाब के सभी लोगों की भावना जुड़ी हुई है। दूसरा, होशियारपुर से अमृतसर के लिए एक डीएमयू दिया गया, लेकिन साथ ही जो होशियारपुर से फिरोज़पुर ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति**: आप श्राप मत दीजिए।

**श्री अविनाश राय खन्ना**: मैं उसको विदड्रॉ करता हूं। अगर आप ऐसा नहीं करेंगी तो आपको आशीर्वाद नहीं मिलेगा। मेरे पास केवल तीन मिनट का समय है इसलिए मैं जल्दी-जल्दी अपनी बात खत्म करना चाहता हूं। फिरोज़पुर से जो ट्रेन होशियारपुर के लिए जाती थी, वह विदड्रॉ कर ली और अमृतसर के लिए दे दी। मेरा अनुरोध है कि आप पंजाब के साथ ऐसा अन्याय मत कीजिए। पंजाब में बहुत

से ब्रिज बनकर तैयार हो गए हैं। जालंधर का दुमुरिया पुल, जो वहां का एक बहुत महत्वपूर्ण पुल है, उसके न बनने के कारण बहुत ट्रैफिक जाम रहता है। हमने उसको बनाकर तैयार कर दिया है, लेकिन रेलवे की तरफ से कमी है। हमने उसे काफी तैयार कर दिया है, लेकिन अब उसका सीमेंट उखड़ना शुरू हो गया है। आपकी तरफ से एक प्रस्ताव गया था कि हमें दो करोड़ रुपया और चाहिए क्योंकि स्टील का भाव बहुत बढ़ गया है। हमारी गवर्नमेंट ने वहां की कार्पोरेशन को कम्पेल करके उस दो करोड़ रुपए का भी इंतज़ाम करवाया, लेकिन वह पुल अभी तक नहीं बना। कृपया जितने भी पुल अधूरे पड़े हैं, उनको जल्दी बनाया जाए, नहीं तो वहां के ये अधूरे बने पुल ऐक्सीडेंट होने का बहुत बड़ा कारण बनने वाले हैं। अभी हमारी लेफ्ट पार्टी के मित्र कह रहे थे कि आप वहां पर बड़े उद्घाटन कर रहे हो, लेकिन हमारे पंजाब में जो पुल हैं, वे उद्घाटन का इंतज़ार कर रहे हैं। कृपया वहां ध्यान देकर वहां के पुलों का उद्घाटन कीजिए। आप थोड़ा सा समय निकालिए, यदि ममता जी के पास समय नहीं है तो आप आइए, हम आपका स्वागत करेंगे। वहां पर जितने भी पुल बने पड़े हैं, उन पर ज्यादा समय नहीं लगेगा। सिर्फ जो रेलवे लाइन के ऊपर पुल बनने हैं...(व्यवधान)...

**श्री मुख्तार अब्बास नकवी** (उत्तर प्रदेश): एमपीज़ को ही कह दें, वहां उद्घाटन कर देंगे।

**श्री अविनाश राय खन्ना**: महोदय, मैं एक और बात कहना चाहता हूं। आपको 22 फरवरी, 2010 को 22 एमपीज़ ने मिलकर एक पत्र लिखा था। उनकी बात को मानना तो क्या, अभी तक उस पत्र का जवाब तक नहीं आया है। उस पत्र में यह लिखा था कि जो उद्यान आभा तूफान एक्सप्रेस दिल्ली से भटिंडा की तरफ जाती है, उसमें सिर्फ एक कोच एसी-सेकेंड क्लास का लगाया जाए। इसी तरह से एक और रिक्वेस्ट थी कि श्रीगंगानगर से नांदेड़ एक गाड़ी हफ्ते में एक दिन जाती है और दो महीने पहले उसकी 100 परसेंट बुकिंग हो जाती है। इसका मतलब यह है कि बिना इंटरस्ट के उन टिकटों का पैसा आपके पास पड़ा रहता है। वह जो रेलवे का रैक है, वह हफ्ताभर वहीं खड़ा रहता है। इसलिए लोगों की डिमांड है कि अगर उस ट्रेन को सप्ताह में दो या तीन बार कर दिया जाए तो आपका रेवेन्यू भी बढ़ेगा और लोगों को आने जाने में भी सुविधा होगा। सर, रेलवे की बहुत सी प्रॉपटी, रेलवे के बहुत से वृक्ष वैसे ही पड़े हैं। अगर थोड़ा सा मैनेज करके उस प्रॉपर्टी को संभाल लिया जाए तो इनक्रोचमेंट से उस प्रॉपर्टी को बचाया जा सकता है। आपने किराया नहीं बढ़ाया है, न गुड्स ट्रेन का किराया बढ़ाया है, लेकिन खर्चे इतने बढ़ा लिए हैं, यह भी सुनने में आ रहा है कि कहीं रेलवे कोमा में न चली जाए। उसको बचाने के लिए अगर रेलवे की प्रॉपर्टी का प्रॅपर मैनेजमेंट हो जाए, तो उससे आपका रेवेन्यु बढ़ सकता है। ...(**समय की घंटी**)... इसी के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ।

**श्री साबिर अली** (बिहार): उपसभापति महादेय, बजट देखने में बहुत अच्छा है और पढ़ने में भी बहुत अच्छा लगा है, लेकिन जब यह देखा गया कि पहले बजट में जो बातें कही गई थी, उनमें से कितने कामों को पूरा किया गया है, तो ऐसे लगा कि उनमें से केवल बीस परसेंट काम भी पूरे नहीं हुए हैं। महोदय, मैं रक्सौल शहर से आता हूं और वह हिन्दुस्तान और नेपाल का सबसे बड़ा बार्डर है। उस शहर में सिर्फ एक ही हॉस्पिटल है और रेलवे लाइन को क्रॉस करके ही उस हॉस्पिटल में जाया जा सकता है। वर्ष 2005-2006 में उस ओवर ब्रिज का शिलान्यास किया गया था, लेकिन आज तक भी उस काम को शुरू नहीं किया गया है। चिट्ठी लिखने के बाद भी कोई जवाब नहीं आया है कि उस काम का क्या हुआ? इसलिए मेरी रेल मंत्री जी से यह गुजारिश है कि वे उस ब्रिज को बनाएं। उस ब्रिज के न बनने से हर साल कमोवेश 25 से 30 लोग मारे जाते हैं, क्योंकि वे हॉस्पिटल में नहीं पहुंच पाते हैं। यह रक्सौल जंक्शन है और यहां साइडिंग के लिए भी एक ही ट्रैक है और वह उसी फाटक पर आता है, जिस फाटक पर हॉस्पिटल को रास्ता जाता है। मेरी एक गुजारिश और है कि हमारे जिले में मोतिहारी बापूधाम स्टेशन है, जहां से गरीब रथ ट्रेन 2008 में शुरू की गई थी। यह गरीब रथ ट्रेन हफ्ते में दो दिन चलती है और चार

जिलों के लोग उस गरीब रथ ट्रेन से आते हैं। इसलिए इस गरीब रथ ट्रेन को हफ्ते के प्रत्येक दिन बापूधाम स्टेशन से कर दिया जाए, यही मेरी गुजारिश है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि सन् 2005 में रेलवे ने एक नोटिफिकेशन जारी किया था। रेलवे में माल की ढुलाई ही पैसे का मेन जरिया है। सन् 2005 में रेलवे ने साइडिंग के लिए प्राइवेट पार्टियों को कॉल किया। उनसे एप्लीकेशन्स लीं और उनकी फीस जमा करवाई। उनको जमीन एलॉट की गई, लीज की गई और 2005-06 से अब तक हर साल लगातार लीज के पैसे लिए जाते हैं। जब साइडलाइन बना दी गई, तो उसको ऑपरेट करने की परमिशन नहीं दी गई। महोदय, मेरा प्रश्न यह है कि इससे रेलवे की credentials इफेक्ट होती है कि आप किसी पार्टी को इन्वाइट करते हो, उसका करोड़ों रुपया लगा देते हो और जब समय आता है, तो आप उसको ऑपरेट नहीं करने देते हो। महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं जो इस देश के नागरिक हैं, जो इस देश को अपनी कमाई का करोड़ों रुपया टैक्स के रूप में देते हैं, इससे उनका क्या कल्याण होगा? आपके कहने से, आपके हस्ताक्षर से आपकी दी हुई जमीन की लीज पर उन्होंने साइडलाइन बनाई, शैड बनाई, क्या आप उनको परमिशन देंगे? आपने इसको क्यों रोक रखा हे और इसमें आपकी क्या मजबूरियां हैं? ...(**समय की घंटी**)...

**श्री उपसभापति**: बस हो गया। ...(**व्यवधान**)... साबिर अली साहब, मैंने आपको पहले ही कहा है।

**श्री साबिर अली**: सर, हमारी क्या खता है? ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति**: इसमें आपकी क्या किसी की भी खता नहीं है।

**श्री साबिर अली**: सर, मैं आपके माध्यम से सिर्फ एक बात को चिन्हित करना चाहता हूं कि लोक सभा में एक सिटिंग मेम्बर ने रूल 377 के तहत प्रश्न पूछा था और रेलवे की तरफ से गलत जवाब दिया गया। मैं यह समझता हूं कि यह बड़ी दुख की बात है, बड़ी गंभीरता की बात है कि रेलवे मंत्रालय से सवालों के जवाब और वह भी सदन को ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति**: आप इस पर स्पेशल मैन्शन दीजिए।

**श्री साबिर अली**: जी सर, मैं जरूर दूँगा।

अंत में मैं यह कहना चाहूँगा कि बिहार के साथ जो भेदभाव हुआ है, हमारे प्रदेश के आदरणीय मुख्य मंत्री, श्री नीतीश कुमार जी ने अपनी चिट्ठी के द्वारा रेल मंत्री जी से जो माँग की, हमारे यहाँ जो प्रोजेक्ट्स पहले से चल रहे थे, वहाँ दो सालों से पैसे का आवंटन नहीं किया गया है, मैं अर्ज़ करूँगा, अपील करूँगा कि उन प्रोजेक्ट्स के लिए पैसा अतिशीघ्र दिया जाए, ताकि बिहार जैसे प्रदेश, जो गरीब प्रदेश है, का कल्याण हो सके।

इसी के साथ मैं अपनी बात खत्म करता हूँ। बहुत-बहुत शुक्रिया। हमें पूरा बोलने का मौका नहीं दिया गया, लेकिन मैं उम्मीद करता हूँ कि आने वाले दिनों में हमें बोलने का मौका दिया जाएगा।

**श्री उपसभापति**: शुक्रिया। श्रीमती माया सिंह।

**श्रीमती माया सिंह** (मध्य प्रदेश) धन्यवाद उपसभापति जी। मैं मध्य प्रदेश के जनहित से जुड़े कुछ बिन्दुओं पर अपनी बात रखना चाहती हूँ। मैं ग्वालियर से हूँ और मैं मंत्री जी से ग्वालियर की कुछ ट्रेनों के बारे में आग्रह करूँगी और आशा करूँगी कि मंत्री जी इन पर ध्यान देंगी।

नई दिल्ली-भोपाल शताब्दी का प्रस्थान दिल्ली से 6.16 बजे के स्थान पर 6.00 बजे किया जाना चाहिए और इस ट्रेन को भोपाल से 2.15 बजे रवाना करना चाहिए, जिससे यह 10.00 बजे दिल्ली पहुंच

जाए। अक्सर भोपाल शताब्दी को दिल्ली आते-जाते 11.00-11.30 बज जाते हैं। अगर समय में थोड़ा सा परिवर्तन होगा, तो सबको सुविधा होगी।

इसी तरीके से तूफान मेल, जो परिवर्तन में कानपुर-इटावा-आगरा कैंट होकर दिल्ली जाती है, इसे वाया झाँसी, ग्वालियर चलाया जाना चाहिए।

ग्वालियर-जयपुर इंटरसिटी, जो जयपुर जाती है, इस ट्रेन के बारे में मैं लालू जी के समय से आग्रह करती आ रही हूँ और पुनः मेरा यह आग्रह है कि उसको आगरा कैंट से ही जयपुर के लिए, ईदगाह के पहले ही नई लाइन डाल कर चलाया जाना चाहिए। इससे इस ट्रेन को आगरा फोर्ट जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और तकरीबन एक घंटे का समय बचेगा। इसके चलने का समय 3 बजे का होना चाहिए, जिससे यह 10 बजे तक जयपुर पहुँच जाएगी। अभी इसमें बहुत दिक्कत होती है।

इसी तरीके से आगरा छावनी से नई दिल्ली इंटर सिटी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 4211 आगरा से प्रतिदिन प्रातः 6 बजे चलती है और उसी दिन दिल्ली से रात्रि 9.30 बजे आगरा वापस आती है। मेरा आग्रह है कि इस ट्रेन को ग्वालियर तक चलाया जाना चाहिए। अगर यह ग्वालियर से प्रातः 5 बजे चलती है, तो हम सबको सुविधा होगी।

बंगलुरु राजधानी का ग्वालियर में हॉल्ट नहीं है। बंगलुरु राजधानी एवं हैदराबाद राजधानी का ठहराव ग्वालियर होना चाहिए।

भिंड-कोटा, 1775 एवं 1776 फास्ट पैसेंजर को एक्सप्रेस बना कर नीमच तक बढ़ाया जाए, जिससे यात्रियों का समय भी कम लगेगा और भिंड, ग्वालियर, शिवपुरी और गुना इससे जुड़ जाएंगे।

उत्तर प्रदेश सम्पर्क क्रांति खजुराहो लिंक एक्सप्रेस का स्टॉपेज ग्वालियर होना चाहिए, क्योंकि खजुराहो मध्य प्रदेश का पर्यटक स्थल है और 2447 और 2448 में ग्वालियर का यातायात भी अत्यधिक है। चित्रकूट धाम भी मध्य प्रदेश का धार्मिक स्थल है। इसलिए मैंने मंत्री जी से इसका आग्रह किया है।

मैं एक और बात कहना चाहती हूँ कि गुना-इटावा परियोजना वर्षों से अधूरी पड़ी है। वह कब पूरी होगी? इसे शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए।

ग्वालियर रेलवे स्टेशन का मास्टर प्लान क्या है, क्योंकि वहाँ जो विकास कार्य होते हैं, बिना किसी प्लानिंग के काम करा दिए जाते हैं, फिर वे तोड़े जाते हैं, फिर वे ठीक हो रहे हैं। इसलिए मैं जानना चाहती हूँ कि ग्वालियर रेलवे स्टेशन का मास्टर प्लान क्या है, इससे अवगत कराया जाना चाहिए, ताकि योजनाबद्ध तरीके से स्टेशन का विकास हो सके।

मेरा एक और आग्रह है, जो रेलवे के ड्राइवरों से संबंधित है। मैं स्वयं उनसे मिली हूँ और उन्होंने भी आग्रह किया है कि अभी भी 13,680 ड्राइवरों के पद खाली हैं। ड्राइवरों के ऊपर ड्यूटी का सबसे ज्यादा दबाव रहता है। रेलवे के आधे से ज्यादा ड्राइवर heart patient हैं, उनके heart के ऑपरेशन हो चुके हैं, उन्हें आराम नहीं मिलता है, वे तनाव में रहते हैं, वे परिवार से दूर रहते हैं, दो-दो दिन उनको रिलीवर नहीं मिलता, दो-दो दिन लगातार ड्यूटी पर रहने से और जब ट्रेन देर से चलती है, तो इसका असर भी ड्राइवरों पर पड़ता है, क्योंकि उन्हें और अधिक लम्बे समय तक ट्रेन में रहना पड़ता है। ड्राइवरों का स्वास्थ्य पूरी तरह से ठीक हो, वे heart patient न हों और अन्य ऐसी तमाम बीमारियों से गस्त न हों, रेलवे मंत्रालय को इसका संज्ञान लेना चाहिए और इस पर ध्यान देना चाहिए। जरूरत के मुकाबले खास तौर से ड्राइवरों के पद 30 फीसदी अधिक होने चाहिए, लेकिन हमारे यहाँ 13,680 पद कम हैं।

इसलिए मैं मंत्री जी से आग्रह करती हूं कि ये पद भरे जाने चाहिए। इसके अलावा भी करीब 1,68,000 अन्य कर्मचारियों के पद खाली हैं, वे कब तक भरे जाएंगे, इसका जवाब भी मंत्री महोदया दें?

उपसभापति महोदय ने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं उनका हृदय से धन्यवाद देना चाहती हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री **उपसभापति**: धन्यवाद। श्री विजय दर्डा जी, क्या आप तीन मिनट में अपनी बात बोलेंगे? ...(**व्यवधान**)... अगर आप तीन मिनट में नहीं बोलेंगे तो आप...(व्यवधान)...

**श्री विजय जवाहरलाल दर्डा** (महाराष्ट्र)**:** सर, मैं दो मिनट में बोलूंगा।

**श्री उपसभापति**: ठीक है, आप दो मिनट में ही बोलिए।

**श्री विजय जवाहरलाल दर्डा**: उपसभापति महोदय, सर्वप्रथम मैं माननीय रेल मंत्री जी को उनके द्वारा प्रस्तुत ममतामय बजट के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूं। हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने भी इस बजट को आम आदमी का बजट कहा है। मैं भी यहां पर कुछ मांगने के लिए खड़ा नहीं हुआ हूं, हमें कुछ नहीं चाहिए।

श्री **माननीय सदस्य**: यह तो बहुत अच्छी बात है।

**श्री विजय जवाहरलाल दर्डा**: हम सिर्फ यही चाहते हैं कि रेल मंत्री जी को जल्दी से जल्दी बंगाल का मुख्य मंत्री बना दिया जाए ...(**व्यवधान**)... जिसके लिए वे तैयार भी हैं ...(**व्यवधान**)... वहां की जनता भी तैयार है ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति**: आप बजट पर बोल रहे हैं या ...(**व्यवधान**)...

**श्री विजय जवाहरलाल दर्डा**: सर, मैं बजट के ऊपर बोल रहा हूं। बजट एक विश्वसनीय और पावन दस्तावेज़ है। जब संसद में बजट आता है, तो देश के लोग उसे बहुत गंभीरता से देखते हैं, किन्तु देखने में यह आया है कि हम लोग बजट के ऊपर जो वायदे करते हैं ...(**व्यवधान**)... वायदे करने के बाद वे पूरी तरह से निभाए नहीं जाते। यह आपने स्वयं भी देखा होगा। इसी कारण नेताओं की जो छवि है, उसके लिए लोगों के मन में शंका पैदा हो जाती है। आम पब्लिक मीटिंग में दिया गया भाषण और संसद में बजट के ऊपर कही हुई बात, इन दोनों में बहुत फर्क है। मुझे ऐसा लगता है कि पिछले बजट के अन्दर लालू प्रसाद जी ने जो कुछ भी वायदे किए थे और जो कुछ भी बिहार को दिया था, जब वे चले गए तो वह सब वैसे का वैसे रह गया। ममता जी ने इस बजट के अन्दर बंगाल की जनता को काफी कुछ दिया है, लेकिन जब ये चीफ मिनिस्टर बन कर चली जाएंगी, फिर वे वायदे भी वैसे के वैसे ही रह जाएंगे। प्रश्न यह है कि आप बजट के अन्दर जो कहते हैं, वह काम पूरा भी होना चाहिए।

हमने देखा है कि लालू जी ने इसी सदन के अन्दर 2008-09 में वर्धा-यवतमाल-नांदेड़ रेल लाइन, जो 270 किलो मीटर लम्बी है, को तीन वर्षों में पूर्ण करने की बात कही थी। उन्होंने घोषणा की थी कि तीन वर्षों में जो इसे पूर्ण करेगा, हम इन्सेंटिव्स के रूप में हर व्यक्ति को 5-5 लाख रुपये देंगे। आज उसकी स्थिति यह है कि जो प्रोजेक्ट 697 करोड़ रुपये का था, वह आज करीब-करीब 1000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

यहां पर श्री विलासराव देशमुख जी उपस्थित हैं। मैं विशेष रूप से उनको धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने स्वयं मेरे साथ रेल भवन पर आ कर कहा था कि रेल मंत्रालय को मेरे राज्य का जो कॉंट्रिब्यूशन है, उसे मैं जमा करवा दूंगा और उन्होंने वहां जमा भी करवा दिया। अनफॉर्चुनेटली अभी तक रेल मंत्रालय की तरफ से यह कार्य नहीं हुआ है।

सर, मैं आपको बताना चाहूंगा कि गांधी जी ने शांति निकेतन की विज़िटर बुक में एक बात लिखी थी कि “अगर आप कोई आश्वासन देते हैं या वायदा करते हैं, तो उसे जिन्दगी की कीमत पर भी पूरा करना चाहिए।” ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति**: दर्डा साहब, आपके तीन मिनट हो गए हैं।

श्री **विजय जवाहरलाल दर्डा**: सर, एक मिनट और दे दीजिए।

मेरी मंत्री महोदया से गुज़ारिश है कि आप भी अपने वायदे को पूरा करें। आजादी के समय इन्होंने बीजापुर-पंढरपूर रेल लाइन विकास योजना के अंतर्गत रेलवे लाइन की जो घोषणा की थी, अभी तक उसका काम शुरू भी नहीं हुआ है। घोषणा हुई कि मोहल-पंढरपूर लाइन की स्वीकृति से तीर्थयात्रियों को सहायता मिलेगी, वह परियोजना भी पूरी नहीं हुई। कोंकण से आने वाले तीर्थ यात्रियों की स्वीकृति के लिए कोल्हापुर-रत्नागिरि लाइन को मंजूरी दी जाने की बात कही गई थी, वह कार्य भी नहीं हुआ। ट्रेन नम्बर 2834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस को भावनगर तक बढ़ाए जाने की बात कही गई, जिससे नागपुर, अमरावती, अकोला और जलगांव से आने वाले जैन तीर्थयात्रियों को पलिताना तक जाने में सहूलियत होती, लेकिन वह काम भी नहीं हुआ। 138 किलो मीटर लम्बी अमरावती-नारखेड़ लाइन की स्वीकृति 1993-94 दी गई थी, उसे मंजूर कर लिया गया था, लेकिन उसे अभी तक भी पूरा नहीं किया गया है। बारामती लोनांद में 54 किलो मीटर की लाइन है, जिसको 1997-98 में मंजूरी दी गई थी, उसका भी कुछ नहीं हुआ। नागपुर से इन्दौर त्रिशताब्दी एक्सप्रेस को सप्ताह में दो दिन रतलाम से होकर उदयपुर तक चलाने के बारे में 2006 में बात हुई थी, लेकिन वह भी अभी तक पूरी नहीं हुई।

मेरी आपसे विनती है कि ममता जी, आप इसकी ओर ध्यान दें। ममता जी तो अभी यहाँ नहीं हैं, लेकिन उनके दोनों राज्य मंत्री यहाँ पर उपस्थित हैं। मैं इन दोनों से यह विनती करता हूँ कि ये इसकी ओर ध्यान दें। धन्यवाद।

श्री **रणबीर सिंह प्रजापति** (हरियाणा): सर, आपने मुझे रेल बजट पर बोलने के लिए समय दिया है, इसके लिए आपका धन्यवाद। हालाँकि यह मेरा पहला स्पीच है, लेकिन मैं आपके टाइम की मजबूरी को देखते हुए इस पर ज्यादा टाइम नहीं लूँगा।

सर, सबसे पहले मैं अपनी पार्टी, इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ओम प्रकाश चौटाला जी का धन्यवाद करूँगा, जिन्होंने मुझे राज्य सभा में भेज कर बैकवर्ड क्लासेज़ को प्रतिनिधित्व देने का काम किया है।

सर, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से यह कहना चाहूँगा कि इस बजट में हरियाणा प्रदेश, जो पूरे देश का अन्न-भंडारण का काम करता है, उसको एक तरह से रेलवे बजट से अछूता रखा गया है।

माननीय महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी का ध्यान वर्ष 2010-11 के रेल बजट की तरफ दिलाना चाहूँगा, जो रेल मंत्री जी द्वारा पिछले वर्ष लोक सभा में पेश किया गया था, जिसमें बजट संख्या 103 में हरियाणा के लिए नई रेलवे लाइन, रोहतक-हाँसी रेल लाइन को शामिल किया गया था और जिसमें सर्वेक्षण करवाने की बात कही गई थी। अब पुनः माननीय रेल मंत्री जी ने 2011-12 के रेल बजट के अंतर्गत बजट क्रम संख्या 102 में पुनः महम के रास्ते रोहतक-हाँसी का सर्वेक्षण शुरू करवाये जाने का प्रस्ताव दर्शाया है। हरियाणा प्रदेश की यह माँग काफी समय से है और उसका केवल सर्वेक्षण ही करवाया गया है, लेकिन उसका बार-बार सर्वेक्षण करवाने के बावजूद यह माँग पूरी नहीं की गई।

महोदय, अगर हिसार से महम और रोहतक को जोड़ दिया जाए तो केवल 66 किलो मीटर लम्बी यह रेल लाइन है। इसको जोड़ने से हिसार से दिल्ली का सीधा रास्ता हो जाता है। लाखों यात्री रोज इस रूट से हरियाणा से दिल्ली सफर करते हैं। इससे न केवल रेलवे को यात्री मिलेंगे, बल्कि जो हाइवे है, उस पर भी लोड कम होगा।

इसी तरीके से वर्तमान में दिल्ली से हिसार जो गाड़ी आती है, वह भिवानी होकर आती है और 40-45 मिनट भिवानी में रुकती है। इसलिए वहाँ से लोग इससे आना पसंद नहीं करते। हिसार की आबादी करीब चार लाख है। हिसार में तीन यूनिवर्सिटीज़ हैं- HAU, GJU और यहाँ आर्मी कैंट भी है। लेकिन आज तक एक भी मेल गाड़ी हिसार से नहीं जाती। इसलिए मैं निवेदन करना चाहूँगा कि खास कर जो हिसार से जम्मू रेलगाड़ी है, वह वाया लुधियाना ब्यास के रास्ते रात को चलती है। इस ओर केवल पैसेंजर गाड़ी से ही यात्रियों को यात्रा करनी पड़ती है। मैं माननीय मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहता हूँ कि यहाँ हजारों की संख्या में श्रद्धालु जाते हैं, वे ब्यास में भी जाते हैं। इधर से अमृतसर, वैष्णों देवी और ज्वाला जी की ओर भी काफी संख्या में श्रद्धालु जाते हैं। उन श्रद्धालुओं की माँग को देखते हुए जो पैसेंजर गाड़ी हिसार से लुधियाना 56433, जो दिन में चलती है, उसको मेल रूट करके उनका पूरा-पूरा ध्यान रखा जाए।

इसी तरीके से पहले जब माननीय श्री लालू प्रसाद जी रेल मंत्री थे, तब उन्होंने अग्रोहा, जो अग्रवाल समुदाय का एक बहुत बड़ा तीर्थ स्थान है, जो हिसार से केवल 17 किलोमीटर दूर है, उसमें माननीय लालू प्रसाद जी बतौर मुख्य अतिथि वहाँ पधारे थे और उन्होंने यह घोषणा की थी कि हम अग्रोहा को रेल लाइन से जोड़ेंगे। अग्रोहा के अन्दर एक मेडिकल कॉलेज भी है, लेकिन अभी तक उसे रेल लाइन से नहीं जोड़ा गया है। अग्रोहा एक तीर्थस्थान है और आस्था का प्रतीक है और वहाँ प्राचीन धरोहर भी है। वहाँ अक्सर हड़प्पाकालीन और मोहनजोदड़ो से जुड़ी कलाकृतियाँ मिलती हैं तथा पुरातत्व विभाग ने अग्रोहा को अपने संरक्षण में लिया हुआ है। यह हिसार से केवल 17 किलो मीटर दूर है, इसलिए इसको भी रेल लाइन से जोड़ा जाना चाहिए।

माननीय उपसभापति महोदय, हरियाणा प्रांत विकसित प्रदेशों में से एक है। हरियाणा से 40 किलो मीटर की दूरी पर फतेहाबाद है, जो कि डिस्ट्रिक्ट हेडक्वार्टर है और वह अब तक रेलवे लाइन से अछूता है। इसलिए कृपा करके उसको भी रेलवे लाइन से जोड़ा जाए। यही बातें मुझे आप लोगों के सामने रखनी थीं। टाइम का विशेष ध्यान रखते हुए और आपकी बात मानते हुए मैं अपनी बात यहीं समाप्त करता हूँ। धन्यवाद।

श्री **उपसभापति**: नंदी येल्लैया जी, आप कृपया पाँच मिनट में अपनी बात बोलें। ...(**व्यवधान**)...

**श्री स्वप्न साधन बोस** (पश्चिम बंगाल): सर, आपने मुझे एक बार भी बोलने नहीं दिया। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति**: आपने नाम ही नहीं दिया, तो कैसे बोलने देंगे?

श्री **स्वप्न साधन बोस**: मैं अपनी पार्टी से एक ही आदमी हूँ। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति**: आप एक ही आदमी हैं, लेकिन आपको नाम तो लिखाना पड़ेगा। ...(**व्यवधान**)... आप प्लीज़ बैठिए। ...(**व्यवधान**)... आप प्लीज़ बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री नंदी येल्लैया** (आंध्र प्रदेश): उपसभापति महोदय, रेल मंत्रालय की ओर से जो बजट पेश किया गया है, उसका समर्थन करते हुए मैं एक बात याद दिलाना चाहता हूँ कि मनोहराबाद से कोत्तपल्ली वाया सिद्दिपैट लाइन तकरीबन तीन साल से सैंक्शन होकर आज तक इस पर काम शुरू नहीं हुआ है। बैकवर्ड

एरिया के बारे में आपके रेल मंत्रालय द्वारा आज तक प्लानिंग नहीं हुई। मैं चाहता हूँ कि सिद्दिपेट, जो कि एक मेज़र बैकवर्ड एरिया है और तेलंगाना के अंदर आता है, वहाँ पर कई इंडस्ट्रीज़ हैं, लेकिन वहाँ रेल की सुविधा नहीं है। जिस वक्त मैं लोक सभा में था, उस वक्त से मैं इसको रिप्रेजेंट कर रहा हूँ, लेकिन मेरे राज्य सभा में आने के बाद भी यह रेल से लिंक नहीं हो सका है। यह रेल लिंक बहुत आवश्यक है क्योंकि यह बहुत बैकवर्ड एरिया में आता है। वहाँ के फंड्स के लिए, जैसे हमारी मंत्री जी बैठी हुई हैं, उस बैकवर्ड एरिया को रेल वाइज फॉरवर्ड एरिया बनाने से ही वह फॉरवर्ड हो सकता है, लेकिन यह कई सालों से अनदेखा पड़ा हुआ है।

सर, दूसरी बात यह है कि आपके विभाग में ग्रुप "डी" की एक एडवर्टिज़मेंट आयी। पहले आपकी पॉलिसी में ग्रुप "डी" के लिए न्यूनतम योग्यता आठवीं पास थी, लेकिन अब उसको दसवीं क्लास कर दिया गया। आपको मालूम होना चाहिए कि गांवों के अंदर जो रिमोट एरियाज़ हैं, जहाँ अनुसूचित जाति और बैकवर्ड क्लास के लोग रहते हैं, उनके लिए आठवीं क्लास तक पढ़ना भी नामुमकिन है। फिर इस प्रकार के रिक्रूटमेंट में शेड्यूल्ड कास्ट, शेड्यूल्ड ट्राइब्स और मॉयनरिटी के लोगों का आना बहुत मुश्किल है। आज देश के अंदर इतनी बेरोजगारी है, खास तौर से शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के अंदर बहुत गुरबत है और वे बेरोजगार हैं। इसलिए मैं चाहता हूँ कि इसको आप इसे दसवीं की बजाय आठवीं क्लास कर दें, तो बहुत मेहरबानी होगी।

**(श्री सभापति पीठासीन हुए)**

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूँ कि विज़ाग को ईस्ट कोस्ट रेलवे में भुवनेश्वर डिवीजन के अंदर रखा गया है। विज़ाग में स्टील प्लांट्स हैं और सीमेंट आदि की कई फैक्ट्रियाँ हैं, लेकिन उसको भुवनेश्वर हैडक्वाटर्स के अदंर रखा गया है। इसके लिए कई एजिटेशंस हुए और कई रिप्रेजेंटेशंस दिये गये। इसके बावजूद इसको नजरअंदाज किया जाता रहा। मैं चाहता हूँ कि रेल मंत्री जी इस पर ध्यान दें, क्योंकि जब वहाँ तेलंगाना से तेलुगु-स्पीकिंग लोग इंटरव्यू देने गये, तो वहाँ पर उनके सामने कई रुकावटें आई तथा मार-पीट हुई। मैं चाहता हूँ कि जो वल्टियर डिवीजन है, उसको साउथ-सेंट्रल रेलवे में मिलाया जाए, क्योंकि वहाँ के लोगों और वहाँ के इंडस्ट्रिलिस्ट्स की भी यह डिमांड है और कई बार इसके लिए रिप्रेजेंटेंशंस दिये गये हैं। यह बहुत ही लाँग पेंडिग इश्यू है, जिसके लिए गये 30 सालों से वहाँ के लोकल मिनिस्टर्स और विधान सभा के मैम्बर्स भी काफी रिप्रेजेंटेशंस दे रहे हैं, इसलिए मैं चाहता हूँ कि उसको एससीआर में मर्ज किया tजाए और ग्रुप "डी" के लिए योग्यता आठवीं क्लास की जाए। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Thank you very much. This concludes the discussion on the Budget (Railways) 2011-12. Now, the hon. Prime Minister is to make a statement.

---

## STATEMENT BY PRIME MINISTER

### Appointment of Central Vigilance Commissioner

THE PRIME MINSITER (DR. MANMOHAN SINGH): Mr. Chairman, Sir, the post of Central Vigilance Commissioner was due to fall vacant on 8th September, 2010 on the completion of the term of Shri Pratyush sinha.

Under the CVC Act, 2003, the appointment of Central Vigilance Commissioner is required to be made by the President by Warrant under her hand and seal and on the basis